गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट./2021

10.02.2021

1. लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई – 400051 **प्रतीक: - गेल (ईक्यू)**	2. लिस्टिंग अनुपालन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टावर्स दलाल स्ट्रीट मुंबई - 400001 **स्क्रिप कोड - 532155**

प्रिय महोदय / महोदया,

कृपया "**गेल का कर पश्चात लाभ वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही के 1,240 करोड़ रुपये की तुलना में तीसरी तिमाही में 20% वृद्धि के साथ 1,487 करोड़ हुआ**" की प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड के लिए है।

धन्यवाद,
भवदीय,

(ए.के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्न: उपरोक्त के अनुसार

प्रति:

ड्यूश बैंक एजी, फिलियाली मुंबई
टीएसएस और ग्लोबल इक्विटी सर्विसेज
द कैपिटल, 14 वीं मंजिल
सी -70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
मुंबई -400051

ध्यानाकर्षण - सुश्री अपर्णा सलुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल का कर पश्चात् लाभ वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही के 1,240 करोड़ रुपये की तुलना में तीसरी तिमाही में 20% वृद्धि के साथ 1,487 करोड़ हुआ

नई दिल्ली, 10 फरवरी, 2021: गेल (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही के 13,611 करोड़ रुपये की तुलना में 15,386 करोड़ रुपये के साथ अपने कारोबार में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज किया। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 1,550 करोड़ रुपए की तुलना में 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ कर पूर्व लाभ 1,868 करोड़ रुपये हुआ। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही के 1,240 करोड़ रुपये की तुलना में तीसरी तिमाही में 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कर पश्चात लाभ 1,487 करोड़ रुपये हुआ।

कंपनी के वास्तविक और वित्तीय निष्पादन में वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही की तुलना में तीसरी तिमाही में सभी प्रमुख क्षेत्रों में सुधार हुआ है। प्राकृतिक गैस संचरण में 4%, गैस मार्केटिंग में 8%, एलपीजी संचरण में 3%, पेट्रोकेमिकल बिक्री में 3% और लिक्विड हाइड्रोकार्बन बिक्री में 8% के साथ वास्तविक निष्पादन में सुधार हुआ।

वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में गेल के पेट्रोकेमिकल निष्पादन में और अधिक सुधार हुआ तथा संयंत्र 100% से अधिक उपयोग क्षमता से प्रचालित हो रहा है। बेहतर वास्तविक निष्पादन और कीमत वसूली के कारण वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही के 170 करोड़ रुपये की तुलना में तीसरी तिमाही के दौरान खंड की लाभप्रदता बढ़कर 423 करोड़ रुपये हुई।

31 दिसंबर, 2020 को समाप्त नौ महीने में, गेल ने 41,057 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया जबकि वित्तीय वर्ष 2020 की तीसरी तिमाही में यह 54,021 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही के 3,602 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही में कर पश्चात लाभ 2,983 करोड़ रुपये हुआ।

इस तिमाही के दौरान वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही के 13,774 करोड़ रुपये की तुलना में समूह का समेकित कारोबार 15,606 करोड़ रुपये रहा जबकि वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही के 1,068 करोड़ रुपये की तुलना में समूह का कर पश्चात लाभ 1,897 करोड़ रुपये रहा।

श्री मनोज जैन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, गेल ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री ने दो पाइपलाइनों-केकेएमबीपीएल की कोच्चि-मंगलुरु (450 किमी) खंड को दिनांक 05 जनवरी, 2021 और जेएचबीडीपीएल की डोभी-दुर्गापुर (348 किमी) खंड को 7 फरवरी, 2021 को राष्ट्र के नाम समर्पित किया। पाइपलाइनों का आरंभ न केवल ग्राहकों में वृद्धि करेगा, बल्कि यह गैस मार्केटिंग और संचरण की प्रगति में भी नेतृत्व प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि गेल अपनी जारी परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाने की दिशा में अग्रसर है।